# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2। पया मो. 9993268143


## गोहरगंज घटना पर क्षत्रिय करणी सेना सख्त, आरोपी की गिरफ्तारी पर 11,000 इनाम घोषित

भोपाल गोहरगंज में हुई गंभीर घटना को लेकर क्षत्रिय करणी सेना मध्य प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष आशु सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी सलमान की गिरफ्तारी पर ?11,000 का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा कि ÷जो भी व्यक्ति या पुलिस अधिकारी सलमान को 24 घंटे के भीतर पकड़कर प्रस्तुत करेगा, उसे क्षत्रिय करणी सेना द्वारा ?11,000 का नगद पुरस्कार एवं सम्मान दिया जाएगा।÷ आशु सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय का वातावरण पैदा करती हैं, इसलिए सरकार को ऐसे मामलों पर कड़े और त्वरित कानून लागू करने चाहिए। उन्होंने मांग की कि ÷ऐसे जघन्य अपराधों पर तत्काल फांसी, गोली मारने या कठोरतम दंड का प्रावधान होना चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का डर बना रहे और इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों आशु सिंह ने यह भी बताया कि क्षत्रिय करणी सेना का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने उनके निवास पर पहुंचेगा और संगठन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर खड़ा रहेगा। घटना के बाद स्थानीय क्षेत्र में रोष का माहौल है और लोग आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## भोपाल के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 29 नवंबर से 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

संतोष योगी की खबर 7 9993268143

भोपाल।

भोपाल शिवजी नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 29 नवंबर से 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानङ्कयज्ञ और श्री तारतम सागर पारायण का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रसिद्ध भागवताचार्य साध्वी सुश्री कोपिला कुंज अपनी टीम के साथ कथा प्रवचन देंगी। मंदिर के पुजारी अमरनाथ शर्मा के प्रयास और भक्तों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत 29 नवंबर को शाम 3 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। यह जानकारी समाजसेवी इंजीनियर राहुल योगी ने दी उन्होंने बताया कि 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह पारायण पूजन

एवं प्रवचन तथा शाम 4 से 8 बजे श्रीमद्भागवत कथा और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की प्रस्तुति होगी। 6 दिसंबर को सुबह पारायण की पूर्णाहुति और शाम को कथा पूर्णाहुति रखी गई है। वहीं 7 दिसंबर को भजनङ्ककीर्तन और दोपहर 2 से 5 बजे सामूहिक भंडारा आयोजित होगा। मंदिर प्रबंधन ने सभी भक्तों से परिवार सहित उपस्थित होकर कथाङ्कश्रवण व प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## सरस्वती मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा भक्तिभाव से सम्पन्न

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल। मां सरस्वती देवी मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार 27 नवंबर को भक्तिभाव और आध्यात्मिक उत्साह के साथ हुआ। 21 से 27 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित इस दिव्य कथा में संत श्री कपिल गुरुदेव जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का संगीतमयी वर्णन कर भक्तों को भावविभोर किया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कथा श्रवण हेतु पहुँचे। समापन पर संयोजक सतेन्द्र कुमार, सूर्य कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, रामनंदन सिंह, विकास कुमार, कृष्णा कुमार एवं मनोज पाठक ने गुरुजी को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजकों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक जागृति का माध्यम बताते हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## गुरु तेग बहादुर जी का 350 वां शहीदी पर्व,, संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा अर्जुन नगर में मनाया गया !!

### तिलक जंजू राखा प्रभु साका ।।शीश दीआं पर शी न उचारियां।।

औबेदुल्लागंज ! बजरंग तवर की खबर सिख संप्रदाय के 9 वें गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों की ?पीड़ा को सुनकर उन्हें मुसलमान होने से बचाया था,, कश्मीर के ब्राह्मणों को बचाने के लिए,और उनके जनेऊ की रक्षा करने के लिए,, गुरु तेग बहादुर जी ने भारत के तत्कालीन बादशाह औरंगजेब की रखी गई शर्तों को ठुकरा दिया था,,दिल्ली के चांदनी चौक में औरंगजेब ने तीन शर्तें रखी थी,,गुरुजी ने दो बातों से इन्कार कर मोत को गले लगाया,, गुरुजी के साथ उनके भाई मती दास जी,, भाई सती दास जी,, भाई दयाला जी ने भी शहीदी प्राप्त की ,जो की उधोग पती लक्खी शाह बंजारा परीवार से आते है,, गुरु जी के शहीदी पर्व कार्यक्रम में प्रातः11बजे सुबह दीवान सजा,, तत्पश्चात प्रसिद्ध कथा वाचक जगजीत सिंह (जीते भैया) ने गुरूजी के शहीदी पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म की रक्षा करना सब से बड़ा पुन्य का कार्य हैं,, धर्म की रक्षा करते हुए अपने आप को शहीद करने वाले गुरु तेग बहादुर जी तभी से ÷÷हिंद दी चादर÷÷ के नाम से भी जाने जाते हैं,,कथा के बाद कीर्तनकार ने अपने कीर्तनों से सभी को मुग्ध कर दिया,, भोपाल से पहुंचे ज्ञानीकिरण सिंह जी ने भी अपने विचार रखें। अन्त मे गुरुघर के वजीर भाई भगवान सिंह जी के द्वारा अरदास की गई,, इसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। बहीं बाल गोपालो में भी अति उत्साह देखने को मिला।। शहिदी पर्व कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सुरजीत सिंह बिल्ले,, त्रिलोचन सिंह बिट्टू,,, देवेंद्र सिंह राजू,, मोनू बंजारा,, इंदर सिंह नायक,, रघुवीर सिंह रिंकू,, कल्लू नायक,, लक्ष्मण सिंह नायक,, बल्लू अरोरा आदि उपस्थित थे!!

## संगीतमयी श्रीराम कथा में उमड़ी श्रद्धा, जंबूरी मैदान में भव्य आयोजन की शुरुआत

संतोष योगी की खबर 7 9993268143

भोपाल।सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, भोपाल द्वारा जंबूरी मैदान में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। पहले ही दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भजनों पर भक्त भावविभोर होकर झूमते रहे। भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत माया धाम हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीली साड़ी धारण कर कलश के साथ नृत्य करते हुए सहभागिता की। मुख्य यजमान रमेश भगवती रघुवंशी, मुकेशङ्कदर्शना शर्मा, हीरालालङ्करीना गुर्जर एवं गोविंदङ्कवंदना पालीवाल ने पूजा-अर्चना कर यात्रा में भाग लिया।आकर्षक पंडाल और व्यवस्थाएँ कथा स्थल पर 25,600 वर्गफुट का विशाल पंडाल और भव्य 2,000 वर्गफुट का कथा मंच तैयार किया गया है। समिति द्वारा श्रीरामचरितमानस की प्रतियों का वितरण भी किया जा रहा है। पंडाल में इकोङ्कफ्रेंडली व्यवस्था की गई–स्टील के गिलास और बोतलों का उपयोग तथा प्लास्टिक मुक्त आयोजन। समिति का उद्देश्यसमिति के प्रवक्ता बलवंत सिंह रघुवंशी, कार्यवाहक अध्यक्ष हीरालाल गुर्जर, महामंत्री ललित पाण्डेय और हरीश बाथवी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म, समाज सेवा और भारतीय संस्कारों का प्रसार है। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति कलश यात्रा में मंत्री कृष्णा गौर, पार्षद मधु संजय शिवनानी, गिरीश शर्मा, दीपक गुप्ता, साधना सिंह, ए.एल. सिंह, विजय माहेश्वरी, पदम सिंह जाट, चंद्रमोहन गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। सैकड़ों भक्तों ने भजनङ्ककीर्तन के साथ यात्रा और कथा का आनंद लिया।

## 73वां महाबोधि महोत्सव : विदेशी मेहमानों का सांची आगमन जारी, 29 30 नवम्बर को दो दिवसीय मेला

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइंस सांची। 73वां महाबोधि महोत्सव 29ङ्क30 नवंबर को सांची में आयोजित होगा, जिसके लिए विदेशी मेहमानों का आगमन 23 नवंबर से जारी है। श्रीलंका, सिंगापुर, म्यांमार, वियतनाम, थाईलैंड के बाद 27 नवंबर को जापान से पूज्य भन्ते जी सहित 15 अतिथि भोपाल पहुंचे, जिनका दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वागत किया गया। मेले में विभिन्न बौद्ध संगठनों द्वारा निशुल्क भोजन, चाय, खीर, फल आदि वितरण किया जाएगा। देशभर से लगभग 350 भन्ते और 25ङ्क40 विदेशी भन्ते तथा दस हजार से अधिक बौद्ध अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। 30 नवंबर को पूज्य अर्हत भन्ते सारीपुत्र एवं महामोग्गल्यान जी की पवित्र अस्थि धातु के साथ मुख्य स्तूप की परिक्रमा होगी। प्रथम दिन पंचशील सांस्कृतिक मंच और श्रीलंकाई कलाकार नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

## परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया ने चिड़ावा में कार्यालय का शुभारंभ, भारत व्यवस्था परिवर्तन यात्रा की शुरुआत

संतोष योगी की खबर

चिड़ावा (झुंझुनू)। परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया ने चिड़ावा में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया और परमहंस बावलिया बाबा समाधि स्थल से भारत व्यवस्था परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनू महेन्द्र सिंह रावत रहे। प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा भारतीय ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य जातिङ्कधर्म आधारित राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। यात्रा के माध्यम से सामान्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, एक देशङ्कएक टैक्स, महिलाओं की सुरक्षा, समान वेतनमान, एक देशङ्कएक पेंशन, किसानों को उचित मूल्य व पेंशन योजना, पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश तथा महिलाओं को 50त्न भागीदारी जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव अतर सिंह मीणा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह, सीकर जिला अध्यक्ष चिरंजी लाल शर्मा सहित कई पदाधिकारी व शहर के गणमान्य नागरिक–गोविंदा निर्मल, सुभाष व्यास, महेश आजाद, पवन शर्मा, फारूक मनिहार, जितेंद्र शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भोपाल : अयोध्या नगर स्थित ग्रर्गस इलेक्ट्रॉनिक एवं फ़र्नीचर शोरूम में 25 लाख की बड़ी चोरी

भोपाल के अयोध्या नगर क्षेत्र में स्थित ग्रर्गस इलेक्ट्रॉनिक एवं फ़र्नीचर के शोरूम में 24 नवंबर की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरी के दौरान चोरों ने शोरूम में रखे टीवी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान तोड़फोड़ कर ले गए।

अनुमान है कि चोरी गया माल करीब 25 लाख रुपये का है। शोरूम के मालिक आलोक गर्ग के मुताबिक, चोर उनका पर्सनल एटीएम भी चुरा ले गए, जिससे 10-10 हजार की पाँच ट्रांजैक्शन कर कुल 50 हजार रुपये निकाल लिए गए। इसके अलावा कैश काउंटर तोड़कर 1 लाख रुपये नगद भी ले जाया गया। घटना की शिकायत अयोध्या नगर थाने में दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरी में शामिल आरोपियों की तलाश जारी है।

## गोहरगंज दोषी सख़्त से सख़्त सजा दी जाए, मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइंस गोहरगंज में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए दरिंदगी भरे हादसे को लेकर आज जामिया इस्लामिया अरबिया मस्जिद ÷तर्जुमा वाली भोपाल÷ में जमीयत उलमा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान साहब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की कड़ी मजम्मत की। मुफ्ती साहब ने कहा कि ÷यह वाक़िया इंसानियत को शर्मसार करने वाला है। दोषी को जल्द से जल्द गिरफ़्तार कर के सख़्त से सख़्त सज़ा दी जाए, अगर ज़रूरत पड़े तो चौराहे पर ज़मीन में गाड़कर पत्थर मार-मार कर ख़त्म कर दिया जाए, ताकि ऐसी हरकत करने वालों के दिलों में खौफ़ पैदा हो।÷ उन्होंने कहा कि ÷इस मुश्किल घड़ी में हिंदू-मुस्लिम सबको मिलकर मासूम बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसी वारदातों के खिलाफ सख्त कानून बनाए।÷ मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान साहब ने बच्ची की सेहतयाबी की दुआ की और कहा कि ÷हम पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने हालात को क़ाबू में रखा, वरना कुछ लोग इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे थे।÷ उन्होंने तमाम लोगों–हिंदू और मुसलमान–से अपील की कि ÷सब मिलकर फरार आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस की मदद करें।÷ इसी दौरान साहबज़ादा अब्दुर रशीद साहब ने एलान किया कि जमीयत उलमा मध्य प्रदेश पीड़ित परिवार से मुलाक़ात करेगी और बच्ची के इलाज का पूरा खर्च उठाएगी।

## एस आई एस कार्य मे संलग्न मृतक बी एल ओ ( कर्मचारियों) को एक एक करोड़ का मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दी जाये तथा कार्य की समय सीमा बढ़ाई जाए

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइंस सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई एवं महासचिव अरुण वर्मा ने बताया कि एस आई आर कार्य करने के लिए सिमित समय होने कि वजह से इस कार्य मे संलग्न बी एल ओ ( कर्मचारियों) मे कार्य करने का इतना दबाब एवं टेंशन था कि 22 बी एल ओ कर्मचारियों कि मृत्यु हो गई जिसकी वजह से मृतक बी एल ओ कर्मचारियों के परिवार जनो मे भारी असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है तथा मृतक परिवार के लोग अपने भविष्य के प्रति चिंता कर रहें हैं कि उनका भरण पोषण देखरेख कौन करेगा अत- सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव अरुण वर्मा एवं प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई ने मान्यनीय चुनाव आयुक्त एवं मान्यनीय मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध किया है कि एस आई आर कार्य मे संलग्न मृतक बी एल ओ कर्मचारियों के परिवार को एक एक करोड़ राशि का मुआवजा दिया जाये साथ ही उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये तथा एस आई आर कार्य सम्पादन करने की समय सीमा को बढ़ाया जाये साथ ही बी एल ओ के माध्यम से वर्ष 2003 कि मतदाता सूची उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किया जाए